दिल्ली-नोएडा व ग्रेटर नोएडा की मेट्रो को जोड़ने की योजना

नोएडा (भाषा)। नोएडा से ग्रेटर नोएडा जाने के लिए अब मेट्रो यात्रियों को दोनों लाइनों के बीच कुछ दूरी पैदल पार करने की समस्या से निजात मिल सकती है। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के बोर्ड ने इसके लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट और विस्तृत परियोजना रपट (डीपीआर) बनाने के प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी।

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव तथा ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अनूप चंद्र पाण्डषय ने बताया कि प्राधिकरण की बैठक में दिल्ली, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो के सीधे सम्पर्क को लेकर चर्चा की गई। अभी दिल्ली में द्वारका से नोएडा आने वाली मेट्रो लाइन से लोगों को सेक्टर-52 के मेट्रो स्टेशन उतरकर बाहर आने के बाद कुछ दूरी पैदल चलकर ग्रेटर नोएडा जाने वाली 'एक्वा लाइन' मेट्रो मिलती है। ऐसे में लोगों को परेशानी होती है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर नोएडा तक सीधा मेट्रो सम्पर्क बनाने का प्राधिकरण ने फैसला किया है।